# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## अगस्त संस्करण 2017




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

## हास्पिटल के मरीजो एव परिजनों को सड़े-गले खाद्य पदार्थ एव दूषित पानी पिलाने वालो पर बड़ी कार्यवाही

प.जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एव अनुसन्धान केंद्र भिलाई के समीप स्थित हास्पिटल सेक्टर मार्केट में संचालित होटलों में साफ सफाई एव दूषित भोज्य पदार्थो के मिलने की लगातार शिकायतों पर जन स्वास्थ विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एव नगर पालिक निगम भिलाई की संयुक्त दल ने बड़े पैमाने पर छापेमारी की कार्यवाही की | जहाँ होटल मुरुगन एव लक्ष्मी विलास होटल दोनों के पीने के पानी का स्त्रोत छिछला कुंआ नुमा गड्डा है जिसके पानी से लोग शायद नहाना भी ना चाहे उस पानी का उपयोग पीने एव खाना बनाने में हो रहा है, दिखावे के लिए बी.एस.पी.का कनेक्शन लिया गया है | वही जूस शॉप संचालक जिसके पास व्यवसाय हेतु किसी भी प्रकार की अनुज्ञा नहीं थी के द्वारा जूस निकालने सड़े-गले फलो का उपयोग किया जा रहा था | जिसके सेवन से रोगी पर पड़ने वाले प्रभाव की कल्पना से ही रूह कांप जाती है | इस संयुक्त कार्यवाही के दौरान जन स्वास्थ विभाग,भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रभारी के.के.यादव सहा.प्रबंधक ए.के.बंजारा,रमेश के.गुप्ता,व्ही.के.भोंडेकर,पर्वेक्षक डी.के.मिश्रा,सरत,रत्नाकर,एव नगर पालिक निगम से अजय शुक्ला,रामायण सिंह,श्यामलाल,मांझी,शरद दुबे,यशवंत चतुर्वेदी खाद्य विभाग से सुश्री विनीता दास,फ़ूड एव ड्रग विभाग से अजय सिंह,नारद कोमेर,क्षीरसागर पटेल आदि उपस्थित रहे |



## रक्षाबंधन के अवसर पर निगम महापौर देवेन्द्र यादव

भिलाईनगर/ रक्षाबंधन के त्योहार को लेकर निगम भिलाई के सभी 6 जोनों में सफाई कामगार मित्रों के साथ आज महापौर देवेन्द्र यादव, एल्डरमेन मनोज तिवारी, पूर्व पार्षद रमेश दादर, ने सभी सफाई कामगार महिला कर्मचारियों से रक्षा सुत्र बंधाया उन्हे मिठाईयां वितरण की। महापौर देवेन्द्र यादव ने कहा कि रक्षाबंधन का यह पर्व पवित्रता व स्नेह, प्यार कर्तव्य के साथ सुरक्षा का एहसास दिलाना है। निगम में कार्य करने वाला प्रत्येक सदस्य निगम परिवारके रुप में हैं इसलिए सभी को स्नेह प्यार के साथ रहना है। परिवार में आरोप पत्यारोप लगते हैं उसका निदान भी हमसब आपस में करते हैं जैसे परिवार में करते आये हैं। इसलिए हमें आपसी सामंजस्य बनाये रखना है। इसके लिए ऐसा कार्य होते रहना चाहिए यह परम्परऑं का प्रतीक है। कार्यक्रम में जोन आयुक्त बी0के0 देवांगन, आर0के0 पदमवार, टी0के0 रणदिवे, संजय बागड़े, अखिलेश चन्द्राकर, सुनील दुबे, संजय अग्रवाल,वेशराम सिन्हा, बी0के0 सिंग, प्रशांत शुक्ला, आर0एस0 राजपुत, एम0पी0 देवांगन, धर्मेन्द्र मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी अशोक पहाड़िया, रामायण सिंह, महेश पाण्डेय, अंगीरा शर्मा, व्ही0के0 सेमुअल, यशवंत चतुर्वेदी, जगन्नाथ कुशवाहा, सहित सभी जोन के महिला कामगार उपस्थित थे।



# अपनी जमीन अपना छत, प्रधानंमत्री आवास योजना की समीक्षा

भिलाईनगर/ अपनी जमीन अपना छत, प्रधानंमत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत निगम आयुक्त के0एल0 चौहान ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मोर जमीन मोर मकान शासन की जन कल्याणकारी महत्वाकांक्षी योजना में क्या रुकावटें आ रही है उसपर कर्मचारियों से वार्ड अनुसार जानकारी प्राप्त की। अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना में 682 हितग्राहियों को मकान बनाने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। 22 हितग्राहियों के लिए शासन द्वारा पहली स्वीृकति राशि 11.50 लाख प्रदान किया जा चुका है। वार्ड 03 में 15 अगस्त तक एक आवास माडल के रुप में बनकर तैयार हो जायेगा। अभी तक निगम क्षेत्र में 60 प्रतिशत सर्वे किया जा चुका है बाकि सर्वे तीव्र गति से जारी है। भवन अनुज्ञा विकास शुल्क, भू-भाटक शुल्क में शत्-प्रतिशत छुट है निगम द्वारा भवन नक्शा का लेआउट निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। आयुक्त के0एल0 चौहान ने समीक्षा के दौरान कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि जमीन के आकार के अनुसार भूतल एवं प्रथमतल के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। पात्रता के रुप में भारत वर्ष में परिवार के नाम से कहीं भी पक्का आवास नहीं होना चाहिए, परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रुपये से कम होना चाहिए, हितग्राही के पास जीवित पट्टा स्वयं का पट्टा रजिस्ट्रीकृत आवासीय जमीन होना अनिवार्य है। ऐसे हितग्राहियों को मकान बनाने के लिए शासन द्वारा नियमानुसार अनुदान प्रदान किया जायेगा। समीक्षा बैठक के दौरान निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।





## पाण्डेय ने छात्रों को सिखाया झाड़ु पकड़ना

मंत्री श्री पाण्डेय उद्यान में झाड़ु लगा रहें थे तो उनके साथ स्कुल के छात्र-छात्राओं ने भी स्वच्छता कार्य में आगे आकर झाड़ु लगाने लगे तो मंत्री ने गलत ढंग से झाड़ु पकड़कर सफाई कर रहे छात्र को टोका और उन्हें झाड़ु पकड़ने के तरीके बताये और अपने सामने झाड़ु लगवाया। और विजयी प्रतिभागियों को मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, आयुक्त के0एल0 चौहान, संजय दानी, के हाथों पुरुस्कार प्रदान किया। इसके पश्चात् अण्डा चौक खुर्सीपार के खेल परिसर भवन में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने उपस्थित स्वच्छता दुतों एवं नागरिकों को शपथ दिलाकर सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत एक नये भारत की ओर बढ़ रहा है, जिसमें देश के हर नागरिक की अहम जिम्मेदारी हैं। स्वच्छ भारत के साथ-साथ स्वच्छ समाज के निर्माण की दिशा में भी हम सब को प्रयास करना होगा, इसके लिए देश के प्रधानमंत्री द्वारा दिखाये जा रहे मार्ग की ओर आगे बढ़ना आवश्यक है। कार्यक्रम में मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, आयुक्त के0एल0 चौहान, मंत्री प्रतिनिधि संजय दानी, पार्षद दीपक रावना, जोगेन्दर शर्मा, अनिल सिंह, एल्डरमेन शंकर लाल देवांगन, जीएस शर्मा, सुश्री मीरा गुप्ता, उषा, सहित निगम के जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी,स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े सहायक अभियंता, स्वच्छता निरीक्षक, एवं स्कुल की छात्रा-छात्राएं, स्वच्छता दुत, एवं प्रेरक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, वार्ड की महिलाएं, तथा नागरिकगण उपस्थित थे।



## मुख्य कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया

भिलाईनगर/ स्वतंत्रता दिवस के 71 वें वर्षगांठ पर निगम के मुख्य कार्यालय सहित समस्त जोन कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया, एवं अपने कार्य के 25 वर्ष पूर्ण करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर महापौर देवेन्द्र यादव, आयुक्त के0एल0चौहान ने सम्मानित किया। महापौर देवेन्द्र यादव आयुक्त के0एल0 चौहान ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि भारत की आजादी में वीर सपुतों ने अपने प्राणों की आहुती दी है। प्रगतिशील भारत के लिए हमसब की भूमिका अहम है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता के तैल चित्र पर पुजा अर्चना एवं माल्यार्पण किया गया। सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव ने जोन 04शिवाजी नगर कार्यालय में ध्वजारोहण किया, एवं सभी जोन कार्यालय में जोन अध्यक्षों ने ध्वजारोहण कर अधिकारी, कर्मचारी को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में जातिवाद, आतंकवाद, भ्रष्टाचार, और गरीबी मुक्त भारत के निर्माण का सभी अधिकारी, कर्मचारियों को अतिथियों ने शपथ दिलवाया। तात्कालिन साडा एवं वर्तमान नगर निगम में लगातार अपनी 25 वर्ष सेवा पूर्ण करने वाले 124 अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पार्षद दीपक रावना, छोटेलाल चौधरी, एल्डरमेन शंकर लाल देवांगन, प्रमोद सिंग, रीना नैय्यर, सहित निगम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजनों को मिलेगा शासकीय योजनाओं का लाभ

**भिलाईनगर/** शासन के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिव्यांगजनों को पहुंचाने के लिए शा0उ0मा0 शाला कोसानगर में शिविर आयोजित की गई। जहा पर दिव्यांगजन पंजीयन कराकर अपने दिव्यांगता के प्रतिशत के अनुसार प्रमाण-पत्र प्राप्त होगा। जिन्हे देखने से लगता है कि वे जन्म से ही दिव्यांग है उन्हे सुविधा प्रदान की जा रही है। शासन के योजनानुसार 40 प्रतिशत से अधिक 80 प्रतिशत से कम गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले दिव्यांगजनों के लिए पेंशन प्राप्त होगा, मुकबधीर को श्रवण यंत्र, जो चल नहीं सकता है उसे ट्राईसाईकल एवं शारीरिक रुप से अपंग लोगों के लिए कृत्रिम अंग लगाने की सुविधा प्रदान की जायेगी, जिससे रेलवे यात्रा में कन्शेसन, शासकीय बस में पास, शासकीय योजनाओं का लाभ, छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति, बी0पी0एल0 राशन कार्ड, आदि नियमानुसार बनाकर दिया जायेगा पंजीयन के बाद जिला चिकित्सालय दुर्ग को जायेगा उसके बाद सेंन्ट्रल कार्ड बनने हेतु दिल्ली भेजा जायेगा, तीन चरणों के बाद युनिक दिव्यांगता आई कार्ड (यु0डी0आई0डी0) हितग्राही को प्राप्त हो जायेगा। महापौर देवेन्द्र यादव, आयुक्त के0एल0 चौहान ने सभी दिव्यांगजनों एवं उनके परिवार के सदस्यों से अपील की है कि शासन के योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक संख्या में आकर उठायें, समाज सेवी संगठनों, राजनीतिक दलों, के सदस्यों से भी अनुरोध है कि अपने आसपास कोई दिव्यांग व्यक्ति दिखे तो उसे निर्धारित शिविर में लाकर लाभान्वित करवायें। शिविर के दौरान क्षेत्र के पार्षद, एल्डरमेन, शासकीय चिकित्सक, नगर निगम, भिलाई के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।



## मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं का ही पुजन करें-आयुक्त

**भिलाईनगर/** छ0ग0 पर्यावरण संरक्षण मण्डल के आदेशानुसार प्लास्टर आफ पेरिस से बनीं गणेश प्रतिमाओं का उपयोग करना प्रतिबंधित है। आयुक्त के0एल0 चौहान के निर्देश पर भिलाई नगर निगम का उड़नदस्ता दल शहर के विभिन्न क्षेत्रों नंदनी रोड, कान्ट्रेक्टर कालोनी, रामनगर, लक्ष्मीनगर, नेहरु नगर, कोहका चौक, सुपेला मार्केट, में जाकर जांच की कि प्रतिबंधित प्लास्टर आफ पेरिस की बनी गणेश की मुर्तियां तो नहीं बिक रही शहर में ज्यादातर जगहों पर मिट्टी की बनी मुर्तियां ही बिक रहीं हैं। जांच के दौरान जो मुर्ति विक्रेता सड़क पर गंदगी फैलाये थे उनसे 800 रुपये अर्थदण्ड लेकर रसीद देते हुए चेतावनी दी गई कि कोई भी सड़क पर गंदगी नहीं फैलायेगे, कुछ छोटे दुकानदारों से सफाई अभियान चलाकर कचरों को साफ करवाया गया, स्थानीय व्यापारियों का कहना था कि निगम के द्वारा की जा रही कड़ी कार्यवाही से प्लास्टर आफ पेरिस मुर्तियां इस वर्ष नहीं बनीं जिनके पास पुराना स्टाक था वही चोरी छिपे बेच रहें हैं । निगम द्वारा यह कार्यवाही कल भी जारी रहेगा। मान्यता अनुसार मिट्टी की बनी प्रतिमा सर्वदा पवित्र व पुज्यनीय मानी जाती है। प्लास्टर आफ पेरिस हमारे पर्यावरण व जलवायु के लिए हानिकारक है विसर्जन के दौरान प्लास्टर आफ पेरिस जल में घुलता नहीं है इसके कण हानिकारक होते है जिससे जल प्रदुषित हो जाता है जल के जीव जन्तु मरने लगते है। कार्यवाही के दौरान अजय शुक्ला, रामायण सिंह, कृष्णा यादव के साथ उड़नदस्ता दल के सदस्य उपस्थित रहे।



**आयुक्त के.एल. चौहान ने निगम क्षेत्र में अवैध निर्माण पर शक्ति से कार्यवाही करने के निर्देश**

**भिलाईनगर/** प्रियदर्शिनीय गृह निर्माण समिति के स्वीकृत ले-आउट पर निर्मित सड़क पर पोरवाल इंडस्ट्रीज द्वारा किये गये अवैध निर्माण तथा निगम जनदर्शन में किये गये शिकायत के आधार पर निगम के तोड़फोड़ दस्ता ने सहायक राजस्व अधिकारी एवं इंजीनियर की उपस्थिति में कुरुद में अवैध निर्माण को ढ़हाया, तथा आकाश गंगा में अवैध रुप से लगाये गये ठेले को जप्त किया गया। आयुक्त के.एल. चौहान ने निगम क्षेत्र में अवैध निर्माण पर शक्ति से कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं जिस पर सभी जोनों के राजस्व अमला अपने क्षेत्र में निगरानी कर होने वाले अवैध निर्माण पर कार्यवाही कर रहें हैं। इसी क्रम में कुरुद में प्रियदर्शिनीय गृह निर्माण समिति के स्वीकृत ले-आउट क्षेत्र में समिति द्वारा निर्माण किये गये सड़क पर पोरवाल इंडस्ट्रीज द्वारा अवैध निर्माण किया गया था जिसकी शिकायत के आधार पर आयुक्त ने भवन अनुज्ञा शाखा तथा तोड़फोड़ विभाग को तत्काल उक्त अवैध कब्जे को हटाने के निर्देश दिये थे, मंगलवार को नगर निगम की टीम मौके पर पहुंचकर किये गये अवैध कब्जे को ढ़हा दिया। वहीं आकाश गंगा में आकाश द्वीप काम्प्लेक्स के सामने अवैध रुप से ठेला रखे जाने की शिकायत निगम जनदर्शन में प्राप्त होने पर कार्यवाही करते हुए अवैध ठेले को जप्त कर लिया गया। ठेला संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि मैं विगत् एक माह पूर्व सागर मध्यप्रदेश से भिलाई आकर इस ठेले को लगा रहा हुं जो किराये से है कार्यवाही में तपन अग्रवाल, विनोद चन्द्राकर, दयाल दास साहू, जगमोहन वर्मा, मलखान सिंह सोरी, यतीन्द्र नाथ देवांगन, प्रकाश अग्रवाल, बालकृष्ण नायडु, सहित तोड़फोड़ विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।






## 60 से अधिक प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग बेचने वालों पर परिवाद दायर

**भिलाईनगर/** नगर निगम भिलाई के द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग में समान बेचने वालों पर परिवाद दायर किया जा रहा है। बार-बार समझाईस, अर्थदण्ड, आदि वसुलने के बाद भी व्यापारी मान नहीं रहें हैं चोरी छिपे प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग में समान बेचते है। महापौर देवेन्द्र यादव, आयुक्त के0एल0 चौहान ने व्यापारियों के साथ-साथ आम नागरिकों से भी अपील की है कि प्लास्टिक का इस्तमाल हानिकारक है यह हमारे पर्यावरण नदियों, तालाबों के साथ-साथ मानव जीवन पर बुरा असर डालता है। नगर को स्वच्छ बनाने में जब तक सबका सहयोग नहीं मिलेगा तब तक अपना नगर स्वच्छ नहीं हो सकता, स्वच्छता एक जन आंदोलन बनंे जिसमें घर की महिलाएं, पुरुष, बच्चे व्यापारी, सामाजिक संगठन, राजनीतिक संगठन, सब मिलकर सहयोग करेंगे तभी अपना नगर स्वच्छता में नम्बर 01 कहलायेगा।




**Editorial Board**

श्री कुमार लाल चौहान
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री अशोक पहाड़िया
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई

**नगर पालिक निगम भिलाई**